## मृतिका सुमन का प्रेमी रज्जू बांदा से गिरफ्तार

# गोली लगने से नौकरानी की मौत के मामले में पूर्व विधायक की पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सतना।** चित्रकूट की नयागांव कोतवाली पुलिस ने कांग्रेस के पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इन पर घर में लाइसेंसी हथियार लापरवाही पूर्वक रखने का गंभीर आरोप है। आपको बता दें कि पिछले दिनों पूर्व विधायक के घर में नौकरानी सुमन निषाद ने पूर्व विधायक की पत्नी अर्चना की लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली थी जहांपर उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार पुलिस ने सुमन निषाद के प्रेमी अरविंद उर्फ रज्जू को बांदा से गिरफ्तार कर लिया है उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से कोर्ट ने जेल भेज दिया। सुमन 24 वर्ष ने 29 जुलाई को जिस लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मारी उसका लाइसेंस अर्चना के नाम पर है। इसलिए उन पर शस्त्र के रखरखाव में लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है।उधर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप में पुलिस ने सुमन के प्रेमी अरविंद उर्फ रज्जू यादव 22वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।चित्रकूट पुलिस के मुताबिक अरविंद पिता गंगा यादव मूल रूप से बांदा जिले के पचोखर अतर्रा का रहने वाला है। वह वर्तमान में दास हनुमान गोशाला चित्रकूट में रह रहा



था। अरविंद के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और 107 (षड्यंत्र ) के तहत केस दर्ज हुआ है।

### अर्चना पर आरोप

आत्महत्या में इस्तेमाल की गई पिस्टल पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी के परिवार की लाइसेंसी थी,जो घर में लापरवाही से खुली जगह में पड़ी थी। इस मामले में पुलिस ने उनकी पत्नी अर्चना चतुर्वेदी पर आर्म्स एक्ट की धारा-30 के तहत केस दर्ज किया है।

### बेहद तनाव में थी सुमन

पुलिस की जांच में सामने आया है कि सुमन काफी मानसिक तनाव में थी। मां की सख्ती,प्रेम संबंधों में उलझन और शादी का दबाव। इन सभी वजहों से तंग आकर उसने मौत को गले लगा लिया। चित्रकूट के नयागांव थाना पुलिस ने बताया कि कॉल डिटेल खंगालने के बाद प्रेमी अरविंद की भूमिका सामने आई और उसे गिरफ्तार किया गया। फिलहाल उसे जेल भेज दिया गया है और आर्म्स एक्ट में दर्ज मामले की अलग से जांच की जा रही है।

### सुमन के पिता की हो चुकी है मौत

पुलिस ने बताया कि सुमन का परिवार मूल रूप से यूपी के कर्वी के कटरागूदर का रहने वाला है। वह यहां मां के साथ गढ़ी के सर्वेंट क्वॉर्टर में रह रही थी। वो मां के साथ झाड़-पोछा, बर्तन धोने और बच्चों की देखभाल किया करती थी। सुमन के पिता की मौत कुछ साल पहले करंट लगने से हुई हो चुकी है। मां सुधिया निषाद ने बताया कि हम मूल रूप से उत्तरप्रदेश के कटरा गांव के रहने वाले हैं। करीब तीन पीढ़ी से हम चित्रकूट में आकर रह रहे हैं। बस्ती में भी हमारा दो कमरे का छोटा सा घर है। विधायक के यहां भी हमें रहने के लिए कमरा मिला हुआ है। मेरे सात बच्चे हैं। इनमें 6 लड़की एक लड़का है। चार की शादी हो गई थी। सुमन 5वें नंबर की थी। इसका कटनी में रिश्ता तय हो गया था। शादी की पूरी तैयारी हो चुकी थी। इसी साल जनवरी महीने में तिलक चढ़ा था। अगस्त में सगाई होने वाली थी। दो माह बाद शादी होनी थी।

### गोशाला में काम करता था अरविंद



सुमन और अरविंद के बीच प्रेम संबंध थे।अरविंद गोशाला में काम करता था और सुमन का परिवार पास ही रेहड़ी पर सब्जी बेचता था। सुमन भी अक्सर वहां बैठती थी। इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। जब सुमन की मां को इसका पता चला,तो जल्दबाजी में उसकी शादी तय कर दी। सुमन का रिश्ता कटनी के रहने वाले एक ऐसे लड़के से तय हुआ जो अरविंद से आर्थिक और सामाजिक तौर पर बेहतर हालत में था। इसलिए सुमन ने अरविंद से रिश्ता तोड़ लिया।

### अरविंद ने बात करने के लिए दिया दूसरा मोबाइल

सुमन ने जब अरविंद से दूरी बना ली,तो उसने उसे एक मोबाइल देते हुए कहा कि शादी तक तो बात कर सकते हैं। कुछ दिन बाद मां ने यह मोबाइल पकड़ लिया। अरविंद ने फिर दूसरा मोबाइल सुमन को दिया। सुमन झिझक रही थी,लेकिन अरविंद के दबाव में उसने मोबाइल ले लिया। बातचीत फिर शुरू हो गई। 28 जुलाई को मां ने दूसरा मोबाइल भी पकड़ लिया।

## खबर संक्षेप

### पत्नी लाखों के गहने लेकर प्रेमी संग फरार, पति ने दर्ज कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट

**सतना।** मैहर के गोराइया खुर्द गांव में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है,जहां हाल ही में शादीशुदा एक युवती अपने प्रेमी के साथ लाखों रुपये के गहने लेकर फरार हो गई। जानकारी के अनुसार,प्रभा केवट की शादी लगभग दो महीने पहले पन्ना जिले में हुई थी। शादी के बाद वह अपने मायके आई हुई थी। इसी दौरान,वह ससुराल से मिले लाखों रुपये के गहने लेकर अचानक गायब हो गई। युवती के पति ने 24 जुलाई को मैहर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी,लेकिन अब तक प्रभा का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिजनों का आरोप है कि वह अपने प्रेमी के साथ फरार हुई है। पीड़ित पति ने मैहर के पुलिस अधीक्षक से भी मदद की गुहार लगाई है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार,लिफ्ट देने के बहाने दिया घटना को अंजाम

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान धीर सिंह,पिता रामनारायण सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार,आरोपी ने पीड़िता को लिफ्ट देने के बहाने अपनी गाड़ी में बैठाया और उसे एक बगीचे में ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस टीम ने टीआई रावेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### बड़े बकाएदार: बिल न जमा करना पड़ा भारी, दो गए जेल

**सतना।** उचेहरा क्षेत्र के बिहटा विद्युत वितरण केंद्र में बड़े बकाएदारों पर कार्रवाई करते हुए दो लोगों को जेल भेज दिया गया है। ये दोनों भगवेंद्र सिंह और विमलेश सिंह हैं,जिन्होंने लंबे समय से अपना बिजली बिल जमा नहीं किया था। भगवेंद्र सिंह,निवासी कुंदहरी खुर्द,पर 32,859 रुपए का बकाया था। वहीं,बिहटा निवासी विमलेश सिंह पर 65,243 रुपए बकाया थे। विभाग ने इन दोनों को कई बार नोटिस भेजे,लेकिन बिल जमा न करने के कारण 2 अगस्त को पुलिस थाना उचेहरा द्वारा जारी वारंट के तहत इन्हें जेल भेज दिया गया। बिहटा डीसी में नए पदस्थ जेई,सतीश पटेल,ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने घरेलू और कृषि बिलों का भुगतान समय पर करें ताकि किसी भी अप्रिय कार्रवाई से बचा जा सके।

### राखी विथ थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन आज

**मैहर।** विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने के लिए मैहर की छात्र परिषद संस्था द्वारा 3 अगस्त को नालंदा पब्लिक स्कूल में राखी विथ थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर 12 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में नगर के विभिन्न स्कूलों से सैकड़ों छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे।

## रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की कमी, अधिकारी बेपरवाह




**सतना।** सतना जंक्शन,जो रीवा,मैहर,और चित्रकूट जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक और पर्यटन स्थलों का प्रवेश द्वार है,आज सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। एक तरफ जहां नई ट्रेनों का संचालन शुरू हो रहा है,वहीं दूसरी तरफ स्टेशन पर यात्रियों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। शनिवार को रीवा से पुणे के लिए नई साप्ताहिक ट्रेन का शुभारंभ सांसद गणेश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर करेंगे। लेकिन इस खुशी के माहौल में भी स्टेशन की दुर्दशा साफ नजर आ रही है। आज रेलवे स्टेशन को चमकाया गया है। पर प्रतिदिन स्टेशन पर गंदगी का आलम रहता है और चारों तरफ कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। अधिकारियों ने हाल ही में स्टेशन को स्वच्छ बनाने की शपथ ली थी,लेकिन उनके इस वादे का असर कहीं दिखाई नहीं दे रहा है।सबसे बड़ी समस्या साइकिल और मोटरसाइकिल स्टैंड को लेकर है। यात्रियों को मजबूरन अपने वाहन स्टेशन के बाहर सड़क किनारे खड़े करने पड़ रहे हैं,क्योंकि पिछले कई महीनों से स्टैंड का ठेका खत्म हो चुका है और रेलवे प्रशासन ने इसे दोबारा शुरू करने की कोई ठोस पहल नहीं की है। अभी तक वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। पार्किंग के लिए की टेंडर बुलाया गया है जिसकी बोली 8 तारीख को लगाई जाएगी। अभी तक वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण यात्रियों को न केवल असुविधा होती है,बल्कि उनके वाहन की सुरक्षा भी खतरे में रहती है। यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय भी बदहाल स्थिति में है। पीने के पानी की व्यवस्था भी ठीक नहीं है और शौचालयों की सफाई भी संतोषजनक नहीं है। स्टेशन पर लगे स्टॉलों पर भी खाने-पीने की चीजों की गुणवत्ता पर सवाल उठते रहते हैं। सतना स्टेशन पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री आते-जाते हैं। स्थानीय निवासियों और यात्रियों का कहना है कि रेलवे प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। नई ट्रेनों का संचालन स्वागत योग्य है,लेकिन यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देना भी उतना ही जरूरी है। अधिकारियों की बेपरवाही के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उम्मीद है कि उच्च अधिकारी इस मामले का संज्ञान लेंगे और जल्द ही स्टेशन की स्थिति में सुधार लाएंगे।

## किसानों के लिए मुसीबत बनी एलएनटी खुले गड्ढों से बढ़ रही परेशानी

**सतना।** पूरे देश में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की सरकारी योजना,जिसका ठेका एल.एन.टी. कंपनी को मिला है,अब अमरपाटन में किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। लगभग 5-6 साल बीत जाने के बाद भी कंपनी का काम पूरा नहीं हो पाया है। पाइपलाइन बिछाने के लिए जगह-जगह सड़कें और रास्ते खोदकर छोड़ दिए गए हैं। गांवों में भी किसानों की मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं।



असरार गांव के किसान कंपनी के रवैये से खासे परेशान हैं। किसानों का कहना है कि एलएनटी ने उनके खेतों की तारबंदी उखाड़ कर फेंक दी है और नालियों को खोदकर महीनों से ऐसे ही छोड़ दिया है। इसके चलते आवारा पशु खेतों में घुसकर खड़ी धान की फसल को बर्बाद कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि उन्होंने बड़ी मेहनत और महंगी मजदूरी देकर धान की फसल लगाई थी,लेकिन कंपनी की लापरवाही के कारण उनकी फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। जब किसान इस समस्या को लेकर ठेकेदार से बात करते हैं,तो वे आज-कल की बात कहकर टाल देते हैं। वहीं,खोदी गई नालियों से बने गड्ढों में आए दिन मवेशी गिरकर घायल हो रहे हैं। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर यही स्थिति बनी रही,तो वे आंदोलन करने और अपने गांव में चक्का जाम करने के लिए मजबूर होंगे। किसानों ने कहा कि अगर ऐसा होता है,तो इसकी पूरी जिम्मेदारी एलएनटी कंपनी की होगी। यह स्थिति दिखाती है कि सरकारी योजनाओं को लागू करने में किस तरह की लापरवाही बरती जा रही है,जिसका खामियाजा आम लोगों,खासकर किसानों को भुगतना पड़ रहा है। एलएनटी के अडियल रवैये से किसान अपनी मेहनत की कमाई और फसल दोनों खो रहे हैं। यह मामला प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है,जिसे जल्द से जल्द सुलझाना बेहद ज़रूरी है ताकि किसानों को और नुकसान न हो।

### शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग



**रामपुर बघेलान।** जिले के रामपुर बघेलान तहसील की ग्राम पंचायत मतहा में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। जिला पंचायत सदस्य एकता अनूप सिंह ने 20दिन पहले अनुविभागीय दंडाधिकारी और जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने आरोप लगाया है कि कई महीनों से तहसीलदार और एसडीएम से शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे पहले,पटवारी द्वारा भू-राजस्व संहिता की धारा 248 के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की गई थी,लेकिन तहसीलदार ने नोटिस जारी करने के बाद भी आगे की कार्रवाई नहीं की। अब एकता सिंह ने जिला पंचायत सीईओ,कलेक्टर और राजस्व मंत्री से जल्द कार्रवाई कर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की अपील की है।

## घंटाघर से देवी जी तक सड़क निर्माण से जनता परेशान नपा ने पीडब्ल्यूडी पर लगाया मनमानी का आरोप

**मैहर।** घंटाघर से देवी जी तक बन रही चौड़ी सड़क के निर्माण से स्थानीय जनता और दर्शनार्थी परेशान हैं। सड़क निर्माण में मनमानी का आरोप लग रहा है,जिससे जनता नगर पालिका को दोषी ठहरा रही है। हालांकि,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी ने स्पष्ट किया है कि इस सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग और उसकी एजेंसी द्वारा किया जा रहा है,और नगर पालिका का इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं है। उन्होंने बताया कि सड़क की ऊंचाई और निर्माण के तरीके को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं,लेकिन इसकी जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विभाग की है। इसी बीच,मां शारदा प्रबंधन समिति ने शारदा लोक निर्माण के प्रस्तावित कार्य के कारण वार्ड 1 में हो रहे विकास कार्यों पर रोक लगाने के लिए नगर पालिका को पत्र जारी किया है।

### धनवाही ग्राम पंचायत में सरकारी भवन निर्माण में बाधा, गुंडों का आतंक

**मैहर।** ग्राम पंचायत धनवाही कला में गुंडों और भू-माफियाओं का आतंक बढ़ रहा है। सरकारी जमीन (आराजी नंबर 741/1) पर बन रहे सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य को कुछ दबंगों ने रोक दिया और उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोप है कि सरकारी काम में बाधा डालते हुए गुंडागर्दी की और हथियार दिखाकर धमकाया।निर्माण कार्य के लिए रखी गई रेत भी चुरा ली गई। सरपंच के विरोध करने पर उन्हें जान से मारने और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई है। इस घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है,जिससे सरपंच और सचिव सदमे में हैं।

### श्रम विरोधी कानूनों के खिलाफ ट्रेड यूनियनों का प्रदर्शन

**सतना।** मध्य प्रदेश विधानसभा में हाल ही में पारित श्रमिक विरोधी विधेयकों के खिलाफ ट्रेड यूनियनों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। सेंट्रल ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि इन कानूनों का पुरजोर विरोध किया जाएगा। टीयूसी के संरक्षक हरि प्रकाश गोस्वामी,सीटू संयोजक वीरेंद्र सिंह रावल सहित कई श्रमिक नेताओं ने एक संयुक्त बयान जारी कर इन विधेयकों को पिछले दरवाजे से काली श्रम संहिताओं को लागू करने की कोशिश बताया है।श्रमिक नेताओं का कहना है कि उन्होंने इन संशोधनों को निरस्त करने के लिए मुख्यमंत्री और श्रम अधिकारियों को पहले भी पत्र लिखा था,लेकिन उनकी मांगों को नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का यह कदम श्रमिकों के अधिकारों को कुचलने जैसा है। चेतावनी दी गई है कि अगर इन संशोधनों को वापस नहीं लिया गया तो प्रदेश की सभी ट्रेड यूनियनें मिलकर व्यापक आंदोलन करेंगी।



### अमदरा शासकीय विद्यालय की जर्जर इमारत, छात्रों की जान को खतरा

**मैहर।** अमदरा स्थित अमर शहीद वीर शंकर प्रसाद पटेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की जर्जर हालत सैकड़ों छात्रों के लिए खतरा बन गई है। लगभग 600 से 800 छात्र इस पुराने भवन में पढ़ने आते हैं,जिसकी दीवारें टूट चुकी हैं और छतों का प्लास्टर झड़ रहा है।बरसात में स्थिति और भी खराब हो जाती है,जिससे फिसलन और पानी टपकने की समस्या बढ़ जाती है। ग्रामीणों,अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन ने कई बार प्रशासन से भवन की मरम्मत या नए भवन के निर्माण की मांग की है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

### सड़क हादसे में घायल को अपर कलेक्टर ने पहुंचाया अस्पताल, एक की मौत

**सतना।** मैहर के अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह ने अपनी दरियादिली का परिचय दिया। जब वह रीवा से मैहर जा रहे थे,तब अमरपाटन के एन एच-30 पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने दो बाइकों को टक्कर मार दी,जिससे बाइक सवार पिता और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। बिना देर किए,अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह ने अपने निजी वाहन से घायल पिता-पुत्र को सिविल अस्पताल अमरपाटन पहुंचाया। हालांकि, इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल पिता की मौत हो गई,जबकि पुत्र की हालत गंभीर बनी हुई है। टक्कर मारने वाला ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है,जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही अमरपाटन थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते ने मौके पर पहुंचकर क्रेन की मदद से ट्रक को हाईवे से हटवाया।

### रेडक्रॉस सोसाइटी में अनियमितताओं का आरोप

**सतना।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की सतना शाखा पर अनियमितताओं और पक्षपातपूर्ण कार्यप्रणाली के गंभीर आरोप लगे हैं। संस्था के आजीवन सदस्य डॉ.अमित सिंह ने राज्यपाल के सचिव को लिखित शिकायत भेजकर पदाधिकारियों के चयन में पारदर्शिता की कमी पर सवाल उठाया है। शिकायत में कहा गया है कि राज्यपाल सचिवालय के निर्देशों के बावजूद चयन प्रक्रिया को गुप्त रूप से संचालित किया जा रहा है। डॉ.सिंह का आरोप है कि रेडक्रॉस सचिव और लिपिक की मिलीभगत से सदस्यों को जानबूझकर अंधेरे में रखा गया। उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया की उच्च स्तरीय जांच और नए,पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने की मांग की है।जिला कलेक्टर,जो संस्था के संरक्षक हैं,की चुप्पी पर भी सवाल उठाए गए हैं। कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इन आरोपों का समर्थन करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल करने की मांग की है।

### विधायक मनाएंगे नपा की महिला कर्मचारियों के साथ रक्षाबंधन

**मैहर।** विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी 3 अगस्त को नगरपालिका परिषद में कार्यरत महिला कर्मचारियों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाएंगे। यह कार्यक्रम पर्यटक सूचना केंद्र हाउसिग बोर्ड कॉलोनी में सुबह 11 बजे आयोजित होगा। इस अवसर पर विधायक जी सभी महिला सेवाकर्मियों को 2500 रुपये का उपहार देकर सम्मानित करेंगे।



## छत्रसाल स्टेडियम में सांसद निधि की 2 करोड़ रूपए राशि से होगा स्वीमिंग पूल एवं टेनिस कोर्ट का निर्माण

*पूर्व मंत्री एवं विधायक ने जताया आभार*

**कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने स्टेडियम के विकास कार्यों के संबंध में ली बैठक**

**पन्ना।** राज्यसभा सांसद एवं केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरूगन द्वारा विधानसभा क्षेत्र पन्ना अंतर्गत छत्रसाल स्टेडियम में युवाओं एवं खिलाड़ियों की सुविधाओं के दृष्टिगत सांसद निधि से विभिन्न विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ रूपए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। शनिवार को कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने स्टेडियम परिसर में विकास कार्यों के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल दमोह द्वारा उक्त कार्य करवाया जाएगा। इसके दृष्टिगत हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन यंत्री आर.के. बाथम को एक सप्ताह में आवश्यक सर्वे कार्य पूर्ण करने तथा पूर्व से स्वीकृत कार्यों का परीक्षण कर निर्धारित कार्य योजनानुसार नवीन कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। यहां फ्लड लाइट सहित अन्य कार्य भी पृथक से होंगे, जबकि निर्धारित राशि से तय कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी के अधिकारी से कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा कर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के लिए कहा। साथ ही प्रस्तावित कार्यों की पूर्व तैयारी के संबंध में भी विचार विमर्श किया। बैठक में उपस्थितजनों से सुझाव प्राप्त कर छत्रसाल स्टेडियम को बेहतर स्वरूप में तैयार करने की सहमति बनी। यहां प्रथम चरण में स्वीमिंग पूल एवं टेनिस कोर्ट के निर्माण सहित अन्य विकास काय्र कराए जाएंगे। साथ ही भविष्य में अन्य आवश्यक कार्यों का प्रस्ताव भी भेजा जाएगा। जिला कलेक्टर द्वारा स्टेडियम परिसर में सिंथेटिक टेक निर्माण कार्य के लिए भी जरूरी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि संबंधित अधिकारी कार्य प्रारंभ करने के पूर्व निरीक्षण कर आवश्यकताओं का आकलन भी कर लें तथा पहले चरण में निर्धारित कार्ययोजना पर कार्य कर छोटे एवं महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने का प्रयास करें। इस दौरान तलैया फील्ड में पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन एवं नगर पालिका द्वारा संचालित कार्यों की जानकारी लेकर आवश्यक समन्वय के निर्देश भी दिए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परिसर में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय भवन के कार्यों तथा प्रस्तावित कार्यों के संबंध में स्थल का अवलोकन भी किया गया। साथ ही अन्य मार्गों से अतिक्रमण हटवाकर स्टेडियम पहुंच मार्ग को सुगम बनाने के लिए भी निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा युवा खिलाड़ियों की सुविधाओं के दृष्टिगत महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। बैठक में एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी एस.पी.एस. बघेल सहित सीएमओ उमाशंकर मिश्रा भी उपस्थित रहे।

**वन संरक्षण, संवेदना और सामूहिक सहभागिता का जीवंत उदाहरण**

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पटना तमोली में प्रेरणादायक पौधरोपण



**पन्ना**

दक्षिण पन्ना वनमंडल के सलेहा वन परिक्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटना तमोली एवं ग्राम वन समिति पटना तमोली के संयुक्त तत्वावधान में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत विद्यालय प्रांगण में एक भावनात्मक और प्रेरणादायी पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस विशेष आयोजन में मुख्य वन संरक्षक नरेश यादव (छतरपुर वृत) एवं वनमंडलाधिकारी अनुपम शर्मा (दक्षिण पन्ना) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान नरेश यादव ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए वनों, वन्यप्राणियों और पर्यावरण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें इन विषयों में अपनी भूमिका को समझने और निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 'हर बच्चा जो आज एक पौधा लगाता है, वह धरती के भविष्य को सुरक्षित करता है।' अनुपम शर्मा ने घर में पालतू बनाए गए तोते, कछुए जैसे वन्य प्राणियों को मुक्त करने का संदेश देते हुए कहा कि इन्हें कैद में रखना एक ओर जहां वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है, वहीं यह मानवता के विरुद्ध एक अमानवीय कृत्य भी है। उन्होंने वन्यजीवों के मौलिक जीवनाधिकार को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को संवेदनशील सोच की ओर प्रेरित किया।

कार्यक्रम में वन विभाग द्वारा विद्यार्थियों एवं युवाओं को बैग एवं क्रिकेट किट भेंट कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदार बनाने का अभिनव प्रयास किया गया। इसके उपरांत विद्यालय प्रांगण में सामूहिक रूप से वृक्षारोपण कर प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम की समापन वेला में ग्राम वन समिति के अध्यक्ष अजय चौरसिया ने सभी अतिथियों, विद्यालय परिवार, ग्रामवासियों एवं विद्यार्थियों का आभार प्रकट करते हुए कहा, जब हम एक पेड़ माँ के नाम से रोपते हैं, तो वह पेड़ श्रद्धा, स्मृति और संरक्षण का प्रतीक बन जाता है। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी जीतू सिंह बघेल, विद्यालय के प्राचार्य रामभुवन चौरसिया, शिक्षकगण सुभाष चौरसिया, कृष्ण कुमार चौरसिया, राज कुमार चौरसिया, रमाकांत चौरसिया,दिनेश प्रसाद चौरसिया (सेवा निवृत्त शिक्षक) बृजमोहन चौरसिया, ग्राम वन समिति सदस्य हरिनारायण चौरसिया,कृष्ण कुमार पंडा, प्रमोद वर्मा, वीरेंद्र आदिवासी तथा बड़ी संख्या में विद्यालय परिवार, ग्रामवासी एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। यह आयोजन केवल एक पौधरोपण कार्यक्रम नहीं था, बल्कि प्रकृति, मातृत्व और भविष्य के प्रति एक भावनात्मक अभिव्यक्ति थी एक ऐसा संकल्प, जो धरती को हरा-भरा और हृदय को संवेदनशील बनाता है।

## त्योहारों को लेकर दृष्टिगत रखते हुए खाद्य निरीक्षण द्वारा लिये गये नमूने



**पन्ना।** आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा प्रशासन द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों पर नमूना एवं निरीक्षण की कार्यवाही निरंतर जारी है तहसील क्षेत्र देवेन्द्र नगर, अमानगंज एवं गुनौर में नमूना एवं निरीक्षण की कार्यवाही की गई है आज तहसील क्षेत्र गुनौर में कउ सुश्री समीक्षा जैन निर्देश पर एवं तहसीलदार के साथ बस स्टैंड पर स्थित प्रतिष्ठान बीकानेर मिष्ठान भंडार से मोतीचूर लडडू का नमूना ,दीपक मिष्ठान भंडार से कलाकंद का नमूना लिया गया है इसके अतिरिक्त कुछ प्रतिष्ठानों निरीक्षण कर उन्हें खाद्य सुरक्षा संबंधी दिशा निर्देशों का पालन करने की हिदायत एवं दिशा निर्देश दिए गए हैं।

## पवई में अनधिकृत कॉलोनी निर्माण के संबंध में 14 अगस्त तक प्रस्तुत करें आपत्ति

**पन्ना।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा ग्राम पवई स्थित सर्वे नंबर 3971 रकवा 1.114 हे. भूमि पर छोटे-छोटे भू-खण्ड विक्रय कर अनधिकृत कॉलोनी निर्माण के संबंध में क्षेत्र की आम जनता एवं जनसामान्य को आवश्यक कार्यवाही के संबंध में सूचित किया गया है। अनावेदकगण पन्नालाल, विन्द्रावन, दिलीप, विनोद कुमार, सुहद्री बाई, राधा बाई, गीता बाई एवं सुमन बाई सभी पुत्र एवं पुत्री भगवानदास पटेल निवासी तहसील पवई द्वारा बगैर कॉलोनी निर्माण का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र एवं कॉलोनी विकास की अनुज्ञा के बिना अनधिकृत कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था। इनके द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश से ले आउट स्वीकृति, अनापत्ति प्रमाण पत्र भी प्राप्त नहीं किया गया एवं न ही रेरा में पंजीयन करवाया गया। कॉलोनी में किसी भी प्रकार का आंतरिक विकास भी नहीं कराया गया। कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पवई की आदेश पत्रिका के साथ संलग्न राजस्व निरीक्षक प्रतिवेदन के आधार पर अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने के संबंध में कार्रवाई की जा रही है। किसी भी व्यक्ति द्वारा इस संबंध में अपनी आपत्ति आगामी 14 अगस्त तक स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिमान्य अधिवक्ता के माध्यम से कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत की जा सकती है। इसके उपरांत किसी भी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त का किया अंतरण, पवई में कार्यक्रम संपन्न



**पवई।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से वर्चुअल माध्यम से जुड़ते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त का सिंगल क्लिक के माध्यम से शुभारंभ किया। इस अवसर पर देशभर के लगभग 9.7 करोड़ किसानों के खातों में 2000 रुपये की राशि सीधे अंतरण की गई। प्रधानमंत्री जी ने अपने उद्बोधन में 'वोकल फॉर लोकल' पर विशेष बल देते हुए सभी देशवासियों से अपील की कि वे कम खरीदें, लेकिन स्वदेशी ही खरीदें। कार्यक्रम का समापन "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण के साथ किया गया। यह कार्यक्रम जनपद पंचायत पवई के बीआरसी भवन में आयोजित हुआ, जनपद अध्यक्ष मोहनी आनंद मोहन मिश्रा जिसमें पवई मंडल की मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कान्हू राजा महगवां, पवई मंडल महामंत्री प्रतीक ताम्रकार, वरिष्ठ कार्यकर्ता जमुना खटीक, जिला मंत्री हरिराम पटेल, पार्षद आर.पी. बागरी, संतोष कुशवाहा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) समीक्षा जैन, पवई तहसीलदार सहित बड़ी संख्या में किसान भाई-बहनें उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लोकनाथ बागरी द्वारा कुशलता से किया गया। विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए किसानों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रधानमंत्री के संदेश से प्रेरणा प्राप्त की।

## वनरक्षक भानसिंह को दी विदाई



**अजयगढ़।** वन परिक्षेत्र कार्यालय अजयगढ़/धरमपुर में धरमपुर रेंज से स्थानांतरित कर्मचारियों एवं अजयगढ़ रेंज से सेवानिवृत्त वनरक्षक भानसिंह के सम्मान में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में धरमपुर के परिक्षेत्र अधिकारी वैभव सिंह चंदेल, अजयगढ़ के वन परिक्षेत्र अधिकारी पंकज दुवे, परिक्षेत्र सहायक, वनरक्षक, सुरक्षाश्रमिक सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर भानसिंह की सेवाओं की सराहना की गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। स्थानांतरित कर्मचारियों में विकास मिश्रा, नंदराम अहिरवार, अयूब खान, मनीष शुक्ला भी उपस्थित रहे।

## महिलाओं ने निकाली कांवड़ कलश यात्रा, भोलेनाथ का किया अभिषेक



पवई।

नगर में पवित्र पावन सावन मास के उपलक्ष पर शुक्रवार को नन्ही पवई की महिलाओं ने बेंड बाजे के साथ खेर माता मंदिर से कावड़ कलश यात्रा प्रारंभ की और माँ कलेही मंदिर पहुंची इसके बाद पतने नदी से पवित्र जल भर कर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए जीमीदार के शिव मंदिर में विराजमान भोलेनाथ का जल अभिषेक किया गया , इस कावड़ कलश यात्रा में महिलायें एक सी वेशभूषा में अनोखी छटा विखेरते हुए भजन कीर्तन करते हुए चल रही थी आज पवई नगर शिवमय नजर आया इस धार्मिक यात्रा में सैकड़ों महिलायें मौजूद रही ।

## मूसलाधार बारिश से टूटा आशियाना, मजदूर और मवेशी हुए घायल

### ग्रामीणों की तत्परता से टली बड़ी अनहोनी, जिला अस्पताल में भर्ती



**देवेंद्रनगर।** पन्ना जिले में बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। जगह-जगह जलभराव और घरों की क्षति की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसी क्रम में बमुरी गांव निवासी 53 वर्षीय श्रमिक हिसाबी लाल चौधरी के लिए यह बारिश मुसीबत बनकर आई, जब बुधवार की रात उनका कच्चा मकान अचानक धराशायी हो गया। घटना के समय हिसाबी लाल अपने घर में विश्राम कर रहे थे और एक भैंस भी घर के भीतर बंधी हुई थी। अचानक तेज गर्जना के साथ दीवार और छत भरभराकर गिरी, जिससे मजदूर और उसकी भैंस मलबे में दब गए। उनकी चीख-पुकार सुनकर पास के ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और बिना समय गंवाए बचाव कार्य में जुट गए। ग्रामीणों की मेहनत और मानवीय संवेदना का परिणाम यह रहा कि काफी मशक्कत के बाद हिसाबी लाल को मलबे से बाहर निकाल लिया गया। घायलावस्था में उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति अब नियंत्रण में है।

## रैपुरा थाना क्षेत्र मे डकैती की ग़ोजना बनाने की घटना मे शामिल दो वर्ष से फरार स्थायी वारंटी को लवकुशनगर, जिला छतरपुर से किया गया गिरफ्तार



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा स्थायी वारंटियों की अधिक से अधिक शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष विशेष अभियान चलाकर सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसपर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना एवं समस्त एस.डी.ओ.पी. पन्ना के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर पुलिस टीमो का गठन किया गया है। इसी तारतम्य मे रैपुरा थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा डकैती की ग़ोजना बनाने की घटना मे शामिल दो वर्ष से फरार स्थायी वारंटी राजकिशोर उर्फ अज्जू अहिरवार की तलाश हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे थे। जिस पर उक्त आरोपी के लवकुशनगर जिला छतरपुर मे होने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर थाना रैपुरा पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये, माननीय न्यायालय पवई, जिला पन्ना से जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट धारा 399, 402 भा.द.वि. एवं 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत वांछित आरोपी राजकिशोर उर्फ अज्जू पिता जयराम अहिरवार उम्र 30 वर्ष निवासी सिंचाई कॉलोनी लवकुशनगर को लवकुशनगर जिला छतरपुर से गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रैपुरा उनि संतोष सिंह यादव एवं थाना रैपुरा पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## बाला जी सरकार मन्दिर में आज से शिवार्चन आरंभ

**कमल नयन जी महाराज के साथ भक्त करेंगे शिव पूजन**



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में सावन माह के विशेष मौके पर शिव जी की सेवा पूजा भक्ति पूरी श्रद्धा भक्ति भाव के साथ की जा रही है नगर के प्रमुख देवस्थानों में से एक श्री श्री 1008 श्री बालाजी सरकार मंदिर में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी शिव पूजन का आयोजन आज 3 अगस्त से 7 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है यह आयोजन राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित कमल नयन जी महाराज के माध्यम से आयोजित हो रहा है जो सामूहिक रूप से होगा। शिव पूजन प्रातः काल 8:00 बजे सुबह से आरंभ हो रहा है जो हरि इच्छा तक चलेगा पत्र के माध्यम से संत कमल नयन जी महाराज ने स्थानीय और क्षेत्रीय शिव भक्तों से इस आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## शिक्षक कर्मचारी अधिकारियों ने मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**पन्ना।** जिला मुख्यालय में विगत दिवस प्रदेश के शिक्षक अधिकारी की 6 सूत्रीय न्याय उचित मांगो के निराकरण को लेकर प्रदेश सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव के नाम जहां कलेक्टर के माध्यम से एसडीएम पन्ना को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें लम्बे अर्से से जहां सबसे महत्वपूर्ण मांग पुरानी पेंशन को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में आ गई। गौरतलब बात यह है कि जिन 6 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। विगत दिवस जिसमें राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना कर ग्रेजुयटी एवं अवकाश नगदीकरण वरिष्ठता लागू करें। वहीं दूसरी मांग एनपीसी धारी मृतक शासकीय सेवक के आश्रित परिवार को केन्द्रीय कर्मचारियों के समक्ष राज्य के कर्मचारियों को भी परिवार पेंशन स्कीम तत्काल लागू की जाये। वहीं तीसरी मांग 2004 के पश्चात नियुक्त सभी विभागों के कर्मचारी एवं राज्य शिक्षा में नियुक्त शिक्षकों की पुरानी पेंशन स्कीम ओपीएस बहाल करे। चौथी मांग यूपीएस नहीं यूनिफाईड पेंशन स्कीम नहीं। मध्यप्रदेश सरकार ओपीएस पुरानी पेंशन लागू करें। पांचवी मांग प्रदेश स्तर से सिर्फ शिक्षकों के लिए ई-अटेण्डेंस व्यवस्था समाप्त की जाये। प्रदेश के नवनियुक्त शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति दिनांक से गणना करते हुए इनकी वेतन क्रमशः 70 से 80 प्रतिशत व 90 प्रतिशत के स्थान पर प्रथम नियुक्ति दिनांक से 100 प्रतिशत की जानी चाहिए। इस तरह से जहां विगत दिवस एक बार फिर यह ज्ञापन के माध्यम से आवाज प्रदेश के शिक्षक कर्मचारी, अधिकारियों की तरफ से जहां बुलंद की गई है। गौरतलब बात यह है कि आखिरकार सरकार कब तक पुरानी पेंशन की मांग को नजर अंदाज करती रहेगी। जबकि स्वयं जनप्रतिनिधि विधायक हो या सांसद सभी पेशंन स्वयं लेने के लिए उचित मानते है। जबकि कर्मचारियों को आज भी दरकार करनी पड़ रही है। जहां पांच साल जनप्रतिनिधि के रूप में दायित्व निभाने के लिए पेंशन लेना लाजमी होता है। वहीं साठ साल तक शासकीय सेवा का दायित्व निभाने वाले कर्मचारियों को पुरानी पेशंन से परहेज सरकार क्यो करना चाहती है। आखिरकार यह न्याय उचित हालात कैसे कह सकते है स्वयं पात्र है कर्मचारियों को आज भी ज्ञापनों के माध्यम से पुरानी पेंशन की मांग को लेकर आवाज बुलंद करनी पड़ रही है। आखिरकार यह आवाज कब तक रोकी जायेगी। कहीं न कहीं हालात बुलंद आवाज को लेकर राह तय कर रही है। जो पुरानी पेंशन मिलने के बाद ही सायद कर्मचारी अब विराम लगायेगें। वरना संघर्ष के हालात इसी तरह सुर्खियों में जाने जायेगें। वहीं आखिरकार ई-आटेण्डेंस में भी हालात सभी विभागों में न्याय उचित प्रक्रिया को ध्यान में रखकर लागू क्यों नहीं किया जाता। आखिर शिक्षकों के लिए ही यह नियम लागू क्यों जो सबसे बड़ा सवाल है। आखिर ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने जहां अपनी 6 सूत्रीय मांगों के साथ प्रदेश सरकार के मुखिया तक पहुंचाई मांगें।

## कलेक्ट्रेट में स्कूलों के स्व सहायता समूह की हजारों महिलाओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** सरकारी स्कूलों में मिड डे मील बनाने वाली स्व सहायता समूह की महिलाओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार को सौंपा। इससे पहले महिलाओं ने शहर के विभिन्न मार्गों से होकर रैली निकाली। रैली के रूप में ये महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंची तो हड़कंप मच गया। क्योंकि महिलाएं नारे लगा रही थी कलेक्टर साहब बाहर आओ. बाद में महिलाओं ने कलेक्टर से अपनी आपबीती सुनाई।

### ज्ञापन में महिलाओं ने ये मांगें उठाईं

प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह द्वारा 30 जुलाई को दोपहर में एकत्र होकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जमकर प्रदर्शन किया गया।



उन्होंने मुख्य मांग उठाई छेका प्रथा लागू न की जाए। प्रति महीने उन्हें वेतन दिया जाए, क्योंकि उन्हें कई महीने वेतन नहीं मिलता है. स्कूलों में किचन सेट की मरम्मत करवाई जाए एवं खाना बनाने वाले बर्तनों की नई खरीदारी की जाए। क्योंकि पुराने बर्तन खराब हो चुके हैं।

### कलेक्टर को ही आवेदन देने पर अड़ी महिलाएं-

स्व सहायता समूह की महिलाएं जब हजारों की संख्या में पन्ना कलेक्ट्रेट पहुंची तो उन्होंने ज्ञापन देने के लिए पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार से मिलने की मांग की। ज्ञापन लेने के लिए एसडीएम संजय कुमार नागवंशी पहुंचे। पन्ना कलेक्टर मौके पर नहीं पहुंचे. महिलाओं ने एसडीएम को ज्ञापन नहीं दिया। महिलाओं द्वारा जमकर नारेबाजी की गई एवं धरने पर बैठ गईं. महिलाओं ने कहा जब तक कलेक्टर नहीं आएंगे, तब तक वे धरने पर बैठी रहेंगी। एक घंटे बाद कलेक्टर पहुंचे और महिलाओं का ज्ञापन लिया।

## खबर संक्षेप



### मनचले युवक ने दो बहनों से की छेड़छाड़

छतरपुर। बीती शाम कोतवाली थाना क्षेत्र में एक मनचले युवक ने जब दो बहनों के साथ छेड़छाड़ की तो दोनों ने मिलकर उसे पीट दिया। इतना ही नहीं लड़कियों ने मारपीट करने के बाद युवक को मुर्गा भी बनाया। बाद में पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरु की है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के पीएनबी बैंक के पास की बताई गई है, जहां मुहम्मद रफी नाम के युवक ने दो सगी बहनों के साथ छेड़छाड़ की। पीड़ित बहनों ने बताया कि रफी कई महीनों से उन्हें परेशान कर रहा था और पहले भी उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी थी। बीते रोज जब रफी ने फिर से उन्हें छेड़ा तो, उन्होंने विरोधस्वरूप रफी को पहले मुर्गा बनाया और चप्पलों से उसकी पिटाई की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद आरोपी को कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर जांच शुरू की है।

### आवारा मवेशियों ने सड़कों पर जमाया डेरा



छतरपुर। शहर की सभी प्रमुख सड़कों पर इन दिनों मवेशियों का जमावड़ा हादसों का कारण बना हुआ है। शहर के जवाहर रोड, सागर रोड, पन्ना रोड, नौगांव रोड, महोबा रोड और छत्रसाल चौराहे के आसपास मवेशी सड़कों पर बैठे रहते हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों के मुताबिक इन मवेशियों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। हाल ही में महोबा, झांसी और सागर रोड पर एक ट्रक ने तीन गायों को कुचल दिया था। इसी तरह बमीठा-झांसी नेशनल हाईवे पर एक अन्य घटना में तेज रफ्तार ट्रक ने चार गायों से टकराया था। आरोप है कि नगर पालिका द्वारा मवेशियों को सड़कों से हटाने या गौशालाओं में शिफ्ट करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। गौसेवकों सहित अन्य लोगों ने मवेशियों को गौशालाओं में भेजने की मांग की है। हालांकि कलेक्टर द्वारा पहले ही गौशालाओं की सूची उपलब्ध कराने और मवे?शियों को सड़क से हटाने के निर्देश अमले को ?दिए जा चुके हैं, लेकिन फिलहाल स्थिति में सुधार नहीं है।

### डिजिटल पुलिसिंग को बढ़ावा देने के लिए नया प्रशिक्षण सत्र शुरू



छतरपुर। पुलिस ने आधुनिक तकनीकी युग की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजिटल पुलिसिंग को बढ़ावा देने के लिए नया प्रशिक्षण सत्र शुरू किया है। इसका उद्देश्य पुलिस कर्मियों की तकनीकी दक्षता को बढ़ाकर अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाना है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में 1 अगस्त 2025 से पुलिस लाइन परिसर स्थित सीसीटीएनएस लैब में 15 दिवसीय प्रशिक्षण का पहला बैच शुरू हुआ है। आगामी बैचों का प्रशिक्षण भी क्रमशः आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण में सभी थानों के पुलिस कर्मियों को कंप्यूटर सिस्टम, कनेक्टिविटी, राष्ट्रीय और पुलिस पोर्टल, एप्लिकेशन और उपकरणों के रखरखाव की बुनियादी जानकारी दी जा रही है। साथ ही, अपराध, मर्ग, गुमशुदगी, ई-समन, और वारंट तामील जैसे कार्यों का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर अपराधियों की सक्रियता, गिरोहों की जानकारी और आपराधिक कड़ियों की खोज पर भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का निरीक्षण रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा द्वारा किया जा रहा है, जबकि उप निरीक्षक ओम शंकर सिंह (सीसीटीएनएस प्रभारी), सहायक उप निरीक्षक अन्नू तिवारी और आरक्षक अनिल मांझी प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

### चरवाहे पर बाघ हमला



छतरपुर। जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र में ढौंडन गांव का एक चरवाहा जंगल में बकरियां चराने गया था, जहां उसके ऊपर बाघ ने हमला कर दिया। ग्राम ढौंडन निवासी रामगोपाल यादव ने बताया कि शनिवार की दोपहर में वह गांव के पास वाले जंगल में अपनी बकरियां चरा रहा था, तभी एक बाघ ने उसकी बकरियों पर हमला कर दिया। जब रामगोपाल बाघ को भगाने की मंशा से शोर मचाने लगा तो अचानक बाघ उसके ऊपर टूट पड़ा। गनीमत रही कि आसपास मौजूद लोगों ने समय रहते बाघ को भगा दिया अन्यथा रामगोपाल की जान भी जा सकती थी।

## मौसमी बीमारियों का बढ रहा प्रकोप, नहीं मिल रहे चेम्बरों में डॉक्टर

# अस्पताल में बढ रही मरीजों की संख्या

**इन दिनों बारिश के मौसम में मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढता नजर आ रहा है, क्योंकि अस्पताल में मरीजों की संख्या में भारी इजाफा हो रहा है। जिस हिसाब से मरीजों की संख्या अस्पताल में बढ रही है। उस हिसाब से मरीजों का ईलाज करने के लिए डॉक्टर अपने चेम्बरों में समय पर नही मिलते है। जिस कारण मरीजों को इंतजार करना पड़ता है।**

हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।

### के ज्यादातर चैंबर मिले खाली, देखें -



ओपीडी जहां पर्चे बनाए जाते है बहां के आकड़ों के अनुसार इन दिनों पहले के अपेक्षा मरीजों की संख्या कई गुना बढ गई है। पर्चे बनवाने के लिए मरीजों को घटों लाईन में खड़ा रहना पड़ता है। हालाकि पर्चे बनाने के लिए पुरूष और महिला काउंटर अलग-अलग है। लेकिन गांव-गांव से आने बाले मरीजों की संख्या इतनी अधिक होती है कि पर्चो बनवाने मे भी पसीना बहाना पड़ता है जैसे तैसे यदि मरीज का पर्चा बन गया, तो डॉक्टर को दिखाने के लिए भी घटों इंतजार करना पड़ता है। इन दिनों अस्पताल में सर्दी, बुखार, उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या अधिक देखी जाती है। बारिश के मौसम में पानी बदलने के कारण उल्टी दस्त की बीमारी अधिक फैलती है। इसके साथ ही कई प्रकार की संक्रामक बीमारियां भी बारिश के मौसम में फैलती है। जिला अस्पताल के साथ साथ प्राइवेट अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ रही है। सिविल सर्जन के अनुसार मौसम में अचानक बदलाव आया है। और हर बर्ष बारिश के मौसम में संक्रामक बीमारियां फैलती है। यह संक्रामक बीमारियां कुछ खानपान में बदलाव होने के कारण फैलती है। तो कुछ संक्रामक बीमारियां अधिक बर्षा के कारण फैलती है। लेकिन इन दिनों सबसे अधिक बुखार और उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या अस्पताल में देखने को मिल रही है।

**जिला अस्पताल के वार्डो में बैड का अभाव -**

मरीजों की संख्या बढने के कारण वार्डो में बेड का अभाव नजर आने लगा है, क्योंकि डॉक्टर द्वारा अब संक्रामक बीमारियों से पीड़ित मरीज को भर्ती के लिए लिखा जाता है, लेकिन जब मरीज भर्ती का पर्चा लेकर वार्ड में पहुचता है। तो ड्यूटी मे तैनात नर्सो द्वारा वेड का अभाव बता दिया जाता है। वेड के अभाव में सैकड़ो मरीज जमीन पर लेटकर अपना ईलाज करा रहें है। मरीजों की संख्या बढने के साथ ही अस्पताल में सफाई व्यवस्था भी चौपट नजर आ रही है और भारी गंदगी के बीच ही मरीजों को फर्स पर लेटकर ईलाज कराना पड़ता है।

**ज्यादातर डॉक्टर अस्पताल में समय पर नहीं पहुंचते**

एक संक्रामक बीमारियों के चलते मरीजों की संख्या बढ रही है, तो वहीं दूसरी और डॉक्टर भी समय पर अस्पताल नही पहुंचते है। जिस कारण मरीज को समय पर ईलाज नही मिल पाता है। डॉक्टर के अस्पताल समय पर न पहुंचने का मुख्य कारण उनके घर पर संचालित क्लीनिक है। जो डॉक्टर अस्पताल में पदस्थ है वह पहले घर में आने वाले मरीजों का ईलाज करतें है। इसके बाद जिला अस्पताल पहुंचकर अपनी ड्यूटी निभाते है। घर में मरीजों का ईलाज करने के चक्कर में अधिकांश डॉक्टर बिलंब से अस्पताल पहुंचते है। बिलंब से अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर पहले वार्डो में भर्ती मरीजों को देखते है इसके बाद जो समय बचता है उस समय में ओपीडी में बैठकर मरीज का उपचार करतें है, लेकिन काफी मरीजों को निराश होकर ही लौटना पड़ता है। क्योंकि दोपहर के 1 बजते ही डॉक्टर ओपीडी छोड़कर अपने घर रवाना हो जाते है। जिला कलेक्टर ने शाम को 1 घटें डॉक्टरों की डय्टी अस्पताल में लगाई थी, लेकिन कोई डॉक्टर शाम के समय अस्पताल नहीं पहुचता है। मरीजों की बढती संख्या के सबंध में सिविल सर्जन डॉ शरद चौरसिया का कहना है कि बरसात के मौसम में अधिकांशता संक्रामक बीमारियां फैलती है। इसलिए लोगों को खान पान में सुधार करना चाहिए। हमारा प्रयास यहीं रहता है कि डॉक्टर समय पर आए और मरीजों का ईलाज करें।



## ग्रामीणों को प्रताड़ित कर रहा दबंग युवक

### पुलिस अधीक्षक के पास न्याय की गुहार लगाने पहुंचे ग्रामीण

छतरपुर।

लवकुशनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पठा में एक दबंग व्यक्ति की हरकतों से त्रस्त करीब डेढ़ दर्जन ग्रामवासियों ने शनिवार को छतरपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर उसके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के मुताबिक, आरोपी लगातार उनकी जमीन हड़पने, फसलों को नष्ट करने और झूठे मुकदमों में फंसाने जैसे कृत्य कर उन्हें प्रताड़ित कर रहा है। ग्राम पठा निवासी संतोष राजपूत ने बताया कि वह गांव के शिवकुमार, रज्जन और बबलू की जमीन पर खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है लेकिन इस बात से ?प्रमोद त्रिपाठी को आप?त्ति है। संतोष के अनुसार, प्रमोद ने धमकी दी है वह उसकी फसल को तबाह कर देगा। प्रमोद ने पूर्व में भी संतोष की फसलों को नुकसान पहुंचाया है साथ ही झूठे केस में फंसाने की धमकी दी हैं। इसी तरह गांव की शकुंतला ने भी संतोष पर परेशान करने के आरोप लगाए हैं। पठा गांव के करीब 20 ग्रामवासियों ने का आरोप है कि प्रमोद ने किसी की जमीन पर कब्जा किया है, तो किसी का मकान हड़प लिया है। संतोष पर पहले से कई अपराध दर्ज हैं। ग्रामवासियों ने पुलिस अधीक्षक से प्रमोद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले प्रमोद त्रिपाठी ने भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर गांव के कुछ लोगों पर मारपीट करने के आरोप लगाए थे, जिसके बाद ग्रामीणों ने उसकी शिकायत की है।

## बारिश से बिगड़े हालत, हादसे का खतरा

# नगर पालिका की लापरवाही पर उठे सवाल

छतरपुर।




पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण पठापुर गांव को जिला मुख्यालय से जोडने वाला मार्ग खतरनाक हो गया है। यहीं पर सड़क किनारे मौजूद एक कुंआ धंस जाने के कारण हादसे का खतरा बना हुआ है। बावजूद इसके नगर पालिका लापरवाही दिखाते हुए ध्यान नहीं दे रही है, जिससे किसी दिन यहां बड़ा हादसा हो सकता है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पठापुर गांव की ओर जाने वाली सड़क के किनारे बारिश के कारण एक कुआं धंस गया है और लोग इसी के बगले से जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे हैं। नगर पालिका ने कुएं के पास बैरिकेड्स तो लगा दिए, लेकिन 20 दिन बीतने के बाद भी मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ है। स्थानीय किसान कमलेश कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने कुएं की स्थिति को लेकर नगर पालिका में शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं एक अन्य टैक्सी चालक ने कहा कि अगर स्थिति में जल्दी सुधार नहीं किया गया तो किसी दिन सड़क, कुएं में समा सकती है। स्थानीय लोगो ने जिम्मेदारों की उदासीनता पर सवाल उठाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।

## मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज 2025 ने बढ़ाया पर्यटन के प्रति उत्साह

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट विद्यालय की टीम ने मारी बाजी

छतरपुर।

मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज 2025 का जिला स्तरीय आयोजन छतरपुर जिले में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य युवाओं में राज्य की पर्यटक धरोहरों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। जिले के 142 विद्यालयों की टीमों ने पंजीकरण कराया, जिसमें से 92 ने प्रतिकूल मौसम के बावजूद भाग लिया।



जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. प्रजापति ने बताया कि कलेक्टर पार्थ जैसवाल और सीईओ जिला पंचायत तपस्या परिहार के मार्गदर्शन में यह आयोजन उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में हुआ। क्विज दो चरणों में आयोजित की गई। लिखित परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे और ऑडियो-विजुअल राउंड दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक। नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर कौशल सिंह ने बताया कि क्विज मास्टर नीरज खरे ने मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक स्थलों पर रोचक प्रश्न पूछे। प्रथम स्थान शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 की टीम (उदेश यादव, राजवीर शर्मा, विपिन शुक्ला) ने हासिल किया, जो राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। द्वितीय स्थान गुलगंज की कन्या उ.मा.वि. (नम्रता सिंह जादौन, मोहिनी साहू, खुशी असाटी) और तृतीय स्थान झींझन उ.मा.वि. (नीलेश यादव, मनीष कुशवाहा, बीकेस पाल) ने प्राप्त किया। चतुर्थ, पांचवीं और छठवीं टीमें क्रमशः महर्षि विद्या मंदिर, बीईएचएस नींव एकैडमी और मॉडल उ.मा.वि. गौरिहार रहीं। शीर्ष तीन टीमों को मेडल, प्रमाण पत्र और तीन दिन-दो रात का पर्यटन कूपन, जबकि अगली तीन टीमों को मेडल, दो दिन-एक रात का कूपन और प्रमाण पत्र दिए गए। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र मिले। पुरस्कार वितरण में प्राचार्य एस.के. शर्मा, पर्यटन बोर्ड के आर.के. पाठक, स्कोरर दिलीप पांडे, नईम अहमद, तकनीकी सहयोगी विजय सोनी, शरद अग्रवाल और व्यवस्था प्रभारी एसपी बाजपेई, नीरज वाजपेयी मौजूद रहे।

## स्मार्ट मीटर के खिलाफ जनाक्रोश, उपभोक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

### कोर्ट के आदेश की अनदेखी और बढ़े बिलों पर जेई ने दी सफाई

नौगांव।

नगर में विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटरों के खिलाफ स्थानीय लोगों ने विरोध तेज कर दिया है। शनिवार को दर्जनों लोगों ने बिजली विभाग के कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर स्मार्ट मीटर हटाने और पुराने मीटरों को जारी रखने की मांग की।

**करीब 2 दर्जन लोगों ने विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा -**

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि हाल ही में कोर्ट ने आदेश दिया था कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की सहमति से ही लगाए जाएं, लेकिन बिजली विभाग बिना सहमति के मीटर बदल रहा है। लोगों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर से बिजली बिल पहले की तुलना में ज्यादा आ रहे हैं, जबकि पुराने मीटर ठीक थे। वहीं जेई जितेंद्र प्रजापति ने कहा कि स्मार्ट मीटर शासन के नियमानुसार लगाए जा रहे हैं, और ज्यादा बिल की शिकायत गलत है। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी उपभोक्ता को स्मार्ट मीटर में समस्या होने पर तत्काल विभाग से संपर्क करना चाहिए, जिसका तुरंत समाधान किया जाएगा।





## जुए के फड़ पर पुलिस का छापा करीब एक दर्जन जुआरी पकड़े

### नगदी, वाहन और मोबाइल सहित लाखों की संपत्ति जप्त

छतरपुर। गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने कस्बे के एक मंदिर के पास चल रहे जुआ अड्डे पर छापा मारकर करीब एक दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की। इस कार्रवाई में मौके से नगदी, वाहन और मोबाइल सहित लाखों की संपत्ति जप्त की गई। बताया गया है कि गढ़ीमलहरा कस्बे में एक मंदिर के पास चबूतरे पर जुआ खेला जा रहा था, जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए छापा मारा और हार-जीत का दांव लगाते 11 जुआरियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार जुआरियों के ?नाम नीरज कुमार चौरसिया, मुकेश कुमार चौरसिया, शिवम चौरसिया, अमित कुमार चौरसिया, शैवेंद्र कुमार चौरसिया, संतोष चौरसिया, राजकुमार चौरसिया, अतुल चौरसिया, पंचम लाल चौरसिया, सुवान अली और ओमप्रकाश सोनी बताए गए हैं, जो गढ़ीमलहरा के विभिन्न वार्डों के निवासी हैं। मौके से जप्त सामग्री में एक स्कूटी, दो मोटरसाइकिल, वनप्लस, सैमसंग, रियलमी, वीवो, ओप्पो जैसे ब्रांड के 10 मोबाइल फोन और ताश के पत्ते शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 2.25 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मामला दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई। कार्रवाई में एसडीओपी नौगांव अमित मेश्राम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रीता सिंह, प्रधान आरक्षक देवेंद्र सिंह, जनक सिंह, आरक्षक दशरथ, योगेश, प्रेम सिंह, श्री राम और महिला आरक्षक राधा की अहम भूमिका रही।

# संगम सेवालय द्वारा स्कूल में विद्यार्थियों को शिक्षा किट एवं छाता वितरण

छतरपुर।

आज संगम सेवालय के द्वारा द्वारा आज एक सराहनीय पहल करते हुए छतरपुर के किशोर सागर तालाब के पास स्थित कलरिया कुआ स्कूल में अध्ययनरत बच्चों को शिक्षा किट एवं बरसाती छाते वितरित किए गए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह था कि वर्षा ऋतु में भी बच्चे बिना किसी बाधा के नियमित रूप से स्कूल आएं तथा उन्हें पढ़ाई के लिए आवश्यक सामग्री की कोई कमी न हो। वितरित की गई शिक्षा किट में बैग, बोतल, टिफिन, कैंपस, पेन, पेंसिल, रबर, कटर, स्केच कलर, वॉटर कलर, कॉपी एवं कलर बुक शामिल थे। बच्चों को जब ये किट भेंट की गई । जैसे ही बच्चों ने शिक्षा किट और छाते प्राप्त किए, उनके चेहरों पर मुस्कान दौड़ गई और पूरे स्कूल परिसर में उत्साह का माहौल बन गया। किट पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी छा गई, जो संस्था की इस पहल की सफलता का प्रमाण था। बच्चों ने उत्साहपूर्वक इन सामग्री को प्राप्त किया और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस पुनीत अवसर पर संस्था के पदाधिकारी एवं समाजसेवी विपिन अवस्थी अंजू अवस्थी शंकर लाल सोनी दीपु चतुर्वेदी लाल चंद लालवानी प्रकाश जैन दिनेश सोनी एवं विवेक तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथियों एवं विशिष्टजनों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंजू अवस्थी ने कहा आज का यह प्रयास वास्तव में बच्चों के जीवन में उम्मीद की एक नई किरण है। यदि हर संस्था ऐसे कार्य करे तो शिक्षा की पहुँच समाज के हर कोने तक संभव हो सकेगी। प्रकाश जैन ने कहा हमारे समाज का भविष्य इन बच्चों में बसता है। संगम सेवाालय द्वारा किया गया यह कार्य प्रेरणादायक है। शंकरलाल सोनी जी ने कहा, हम सभी को ऐसे नेक कार्यों से जुडऩा चाहिए, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। दीपू चतुर्वेदी जी ने कहा, बच्चों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। शिक्षा ही एकमात्र माध्यम है जिससे हम आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बना सकते हैं। लाल चंद लालवानी ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया।



खबर संक्षेप

## जिले में हर मंगलवार साइकिल डे, अधिकारी अब पैदल या साइकिल से पहुंचेंगे दफ्तर

**रीवा।** शहर में अब हर मंगलवार को सरकारी दफ्तरों के बाहर लग्जरी गाड़ियों की जगह साइकिलों की कतारें नजर आएंगी। रीवा संभागायुक्त ने एक अभिनव पहल के तहत निर्देश जारी किया है कि प्रत्येक मंगलवार को सभी अधिकारी और कर्मचारी दफ्तर आने-जाने के लिए चार पहिया या दोपहिया वाहनों का इस्तेमाल नहीं करेंगे। इसके बजाय वे साइकिल से या पैदल कार्यालय पहुंचेंगे। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, ईंधन की बचत और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। बीते दिनों आयोजित टीएल बैठक में संभागायुक्त ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागों में इस नई व्यवस्था को लागू करें। इस निर्णय के पालन में सबसे पहले शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर इसकी शुरुआत कर दी है। इसके बाद अन्य विभागों ने भी अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश भेज दिए हैं।बॉक्सशहरी प्रदूषण में कमी की दिशा में प्रयासइस नवाचार को शहरी प्रदूषण को कम करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। संभागायुक्त ने इस अभियान को पूरे संभाग में लागू करने के लिए रीवा के अलावा सतना, सीधी और सिंगरौली जिलों के अधिकारियों को भी पत्र भेजे हैं। लोक शिक्षण विभाग के संयुक्त संचालक ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और परियोजना समन्वयकों को पत्र जारी कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक मंगलवार को सभी अधिकारी और कर्मचारी वाहन का प्रयोग न करें।बॉक्स स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को मिलेगा लाभमंगलवार को नो व्हीकल डे के रूप में मनाए जाने की इस पहल से एक ओर जहां ईंधन की बचत होगी, वहीं कर्मचारियों के स्वास्थ्य में भी सुधार आने की उम्मीद है। इससे सरकारी कर्मचारियों में पर्यावरण और फिटनेस को लेकर सकारात्मक सोच विकसित होगी।

## बिना वैध दस्तावेज के दौड़ रहे 3 ट्रक किये गये जब्त

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर आरटीओ द्वारा जिले में वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इसी कड़ी में जांच के दौरान बिना वैध दस्तावेजों के परिवहन कर रहे तीन ट्रकों को जब्त कर बड़वारा एवं कुठला पुलिस थानों में सुरक्षित रखा गया है। परिवहन विभाग की टीम द्वारा जांच के दौरान ट्रक एमपी 21 जी 0850 का फिटनेस, परमिट, बीमा और कर बकाया पाया। जिसकी कुल राशि 2 लाख 49 हजार 408 रूपये है। इसी प्रकार ट्रक एमपी 21 एच 0475 ट्रक का भी फिटनेस, परमिट, बीमा और कर जमा नहीं था, जिसकी कुल बकाया राशि 30 हजार 528 रूपये है। वहीं ट्रक एमपी 34 एच 8786 का भी फिटनेस वैध नहीं पाया गया, जिसके बाद इसका नियमानुसार शुल्क जमा कराया गया। जबकि दो अन्य ट्रकों के मालिकों द्वारा सभी तय शुल्क की राशि जमा नहीं कराई गई है। यह कार्यवाही परिवहन विभाग के राजबहोर कोल के नेतृत्व में की गई।

## क्यूआर कोड आधारित मुफ्त पिकअप सेवा

**कटनी।** रक्षाबंधन के पावन पर्व को और भी सुविधाजनक बनाने के लिए प्रधान डाकघर कटनी ने एक अभिनव पहल की है। अब बहनों को राखी भेजने के लिए डाकघर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। प्रधान डाकघर कटनी ने राखी डाक पार्सल एवं स्पीड पोस्ट की मुफ्त पिकअप सेवा शुरू की है। जिसमें क्यूआर कोड स्कैन कर या व्हाट्सएप पर संदेश भेजकर घर बैठे राखी बुक कराई जा सकेगी। इस खास सुविधा के तहत, बहनें दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर सीधे पोस्टमास्टर से व्हाट्सएप पर जुड़ सकती हैं। इसके बाद, पोस्टमैन स्वयं उनके घर आकर राखी पार्सल और स्पीड पोस्ट पिकअप करेंगे।

# नशीली कफ सिरप के सरगना बुच्ची ने तस्करी से बनाई करोड़ों की संपत्ति

**13 संपत्तियां जब्त, रीवा और कटनी में फैला था नेटवर्क, सफेमा ने 2.02 करोड़ की संपत्ति फ्रीज**



**रीवा।** प्रदेश में नशीली कफ सिरप की तस्करी के बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए रीवा पुलिस ने एक बार फिर अपराध और संपत्ति के काले गठजोड़ पर करारा प्रहार किया है। रीवा के करहिया नंबर 1 निवासी विजय साहू उर्फ बुच्ची, जो लंबे समय से नशीली दवाओं की अवैध तस्करी में सक्रिय था, जिसकी करीब 2 करोड़ 2 लाख रुपये की संपत्ति को सफेमा द्वारा फ्रीज कर दिया गया है। गौरतलब है कि चोरहटा थाना पुलिस हाल में नशीली कफ सिरप के सरगना विजय साहू उर्फ बुच्ची को भोपाल से गिरफ्तार किया था, उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत 17 अलग-अलग मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद चोरहटा पुलिस ने उसकी चल-अचल संपत्तियों का ब्यौरा मुंबई स्थित सक्षम प्राधिकरण को भेजा था। जांच के बाद 13 संपत्तियों को अवैध घोषित करते हुए फ्रीज करने की कार्रवाई की गई। बता दे बुच्ची ने कफ सिरप की अवैध तस्करी से अर्जित धन का इस्तेमाल कर रीवा और कटनी में जमीन, प्लाट और आवासीय मकान खरीदे थे। खास बात यह है कि इन संपत्तियों को उसने अपने नाम के बजाय पत्नी, साले और अन्य परिजनों के नाम से रजिस्ट्री करवाया था ताकि जांच एजेंसियों की निगाहों से बचा जा सके।बॉक्स अब न कर सकेगा सौदा संपत्तियों को फ्रीज किए जाने का मतलब है कि अब आरोपी ना तो इन संपत्तियों को बेच सकेगा और ना ही किसी को किराए या लीज पर दे सकेगा। पुलिस और सफेमा की संयुक्त कार्रवाई के चलते अब बुच्ची की अवैध कमाई पर पूरी तरह रोक लग गई है।बॉक्स प्रदेशभर में फैला था तस्करी का नेटवर्कजानकारी के अनुसार, विजय उर्फ बुच्ची का नेटवर्क सिर्फ रीवा या कटनी तक सीमित नहीं था, बल्कि उसका संपर्क प्रदेश के कई जिलों तक फैला हुआ था। वह लंबे समय से पुलिस की निगरानी में था, और आखिरकार उसे भोपाल से दबोच लिया गया।

**इनका कहना है:** नशीली सिरप के आरोपी बुच्ची साहू पर सफेमा की कार्रवाई की गई है। राजस्व, आयकर, जीएसटी सहित अन्य विभागों की मदद से उसकी 13 सपत्तियां ट्रेस की गई हैं जो अलग-अलग लोगों के नाम पर है।

**रितु उपाध्याय**
नगर सीएसपी रीवा

# आधी रात किसान के झोपड़े में लगी आग, गाय जिंदा जली

**दूसरी गंभीर रूप से झुलसी, गढ़ थाना क्षेत्र के रिमारी बरैयान गांव की घटना**

रीवा

*जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रिमारी बरैयान गांव में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात्रि करीब 3 बजे किसान के झोपड़े में आगजनी की घटना से एक गाय जिंदा जल गई जिससे उसकी मौत हो गई वहीं दूसरी गाय गंभीर रूप से आग में झुलस गई। आधी रात हुई इस घटना में किसान का झोपड़ा पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। हालांकि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।*



पीड़ित किसान विश्वनाथ चौरसिया ने अज्ञात सरहंगों पर आग लगाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात अज्ञात सरहंगों द्वारा उसके झोपड़े में उस समय आग लगा दी जब वो घर में सो रहे थे। पीड़ित के मुताबिक घटना के वक्त झोपड़े में खाद रखी थी साथ ही वहां दो गाय बंधी थी, जिनमें से एक साहिवाल गाय की जिंदा जलने से मौत हो गई तो वहीं दूसरी गाय बुरी तरह झुलसी है। पीड़ित ने बताया कि झोपड़े में लाईट का कनेक्शन नहीं था ऐसे में शॉर्ट सर्किट से आग लगने का सवाल ही नहीं उठता। घटना की शिकायत उसके द्वारा गढ़ पुलिस से की गई है जिस पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खेत में तार बाड़ी कस रहे किसान पर जानलेवा हमला, लाठी लेकर दौड़ा हमलावर, अतरैला थाना क्षेत्र के बम्हना गांव में हुई घटना

रीवा।



जिले के अतैरला थाना क्षेत्र अंतर्गत अधिया में खेत लेकर धान का रोपा सुरक्षित करने के लिए किसान द्वारा खेत की तार बाड़ी कसी जा रही थी इसी दौरान उस पर हमले का प्रयास किया गया, जहां से वह किसी तरह जान बचाकर भागा और शिकाय पुलिस से की। पीड़ित शिव कुमार रजक 50 वर्ष पिता ढनगू रजग निवासी रामगढ़वा ग्राम बम्हना ने बताया कि वह कमलनयन का खेत अधिया में लिया है जिसमे रोपा लगाया है। खेत में वह बाड़ी का तार कस रहा था तभी सबक अली मुसलमान 56 वर्ष पिता गुलाब मोहम्मद निवासी बम्हना थाना अतरैला द्वारा लाठी लेकर मारने के लिए दौड़ा और गाली गलौज करते हुए जानलेवा हमले का प्रयास किया। जिसके बाद वह जानबचाकर अपने घर की तरफ भागा। पीड़ित ने आरोप लगाया कि वह अपनी पत्नी और बच्ची से उसके खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज करवाने की धमकी भी दे रहा था। घटना की शिकायत पीड़ित किसान ने अतरैला थाना पहुंचकर की है ,साथ ही पुलिस से एफआइआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## गर्भवती महिलाओं की देखभाल के लिए शुरू हुआ स्नेह अभियान

रीवा



रीवा संभाग में मातृ मृत्युदर तथा शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण एवं गर्भवती महिलाओं की उचित देखभाल के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्नेह अभियान शुरू किया गया है अभियान के तहत संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती शशि श्याम उइके ने रीवा जिले के रीवा ग्रामीण परियोजना के खैर सेक्टर से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संयुक्त संचालक ने गर्भवती महिला श्रीमती पूनम विश्वकर्मा के घर जाकर गृह भेंट की। गर्भवती महिला को गर्भावस्था की सावधानियों, पूरक पोषण आहार तथा स्वास्थ्य की नियमित देखभाल की समझाइश दी गयी। उसके परिवार के सदस्यों को गर्भवती की सेवा और समय पर पौष्टिक भोजन देने की समझाइश दी गयी। संयुक्त संचालक ने गर्भवती महिला की गोद भराई कराई और पौष्टिक आहार से भरी हुई टोकरी का उपहार दिया। संयुक्त संचालक तथा अन्य अधिकारियों ने गर्भवती महिला के घर में ही उसके साथ भोजन किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, सहायक संचालक आशीष द्विवेदी, सुपरवाइजर सपना राय त्रिपाठी तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हमीदा बानो, सुषमा और प्रीति उपस्थित रहीं।

# रीवा में सावन बना सुपर मानसून, 53 साल का रिकॉर्ड खतरे में, जुलाई में सामान्य से 48% ज्यादा बारिश, अब निगाहें अगस्त पर, 1972 का रिकॉर्ड टूटने की आशंका

रीवा। इस बार मानसून ने विंध्य के दरवाजे पूरे जोश के साथ खटखटाए हैं। जुलाई महीने में रीवा जिले ने बारिश के सारे पुराने रिकॉर्ड तो नहीं, पर हिला जरूर दिए हैं। अब नजरें अगस्त पर टिकी हैं, क्योंकि अगर बादलों ने यही रफ्तार बरकरार रखी, तो 53 साल पुराना रिकॉर्ड टूट सकता है। वर्ष 1972 में अगस्त के महीने में जिले में 27.5 इंच (करीब 698.5 मिमी) बारिश हुई थी, जो आज तक की सर्वाधिक अगस्त वर्षा मानी जाती है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, इस बार का मानसून उसी दिशा में बढ़ता दिख रहा है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में जिले में औसतन 483.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि इस माह की सामान्य औसत 326.8 मिमी होती है। यानी इस बार सामान्य से लगभग 48 फीसदी अधिक बारिश हुई। सबसे खास बात यह रही कि बारिश पूरे जिले में एकसमान नहीं बल्कि क्षेत्र विशेष पर अधिक केंद्रित रही। गुढ़ तहसील में सबसे ज्यादा 701 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि शहर क्षेत्र में 639.3 मिमी बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। रीवा शहर और आसपास के इलाके भारी बारिश की चपेट में रहे। कई इलाकों में जलभराव की समस्या इतनी विकराल हो गई कि घरों में पानी घुस गया, सड़कों पर आवागमन ठप हो गया। बीहर और विधिया नदियां उफान पर रहीं और त्योथर में टमस नदी का जलस्तर बढ़ने से निचले इलाकों में अलर्ट जारी करना पड़ा। बॉक्स खेती समय पर शुरू, किसानों के चेहरे खिलेबारिश ने जहां शहरी व्यवस्था की पोल खोल दी, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह वरदान बनकर आई। जुलाई के शुरुआती सप्ताह से ही अच्छी बारिश होने के कारण इस बार बुआई समय पर शुरू हो गई। धान की खेती में तेजी आई है, और मिट्टी में नमी पर्याप्त बनी हुई है, जिससे किसानों को सिंचाई की चिंता कम करनी पड़ी।बॉक्सअगस्त में तेज बारिश के संकेत, विभाग ने जारी की चेतावनी मौसम विभाग की भविष्यवाणी कहती है कि अगस्त माह में भी भारी वर्षा की संभावना बनी हुई है। अगर यह अनुमान सटीक बैठा तो 1972 का रिकॉर्ड टूट सकता है, जब अगस्त में सामान्य 301.2 मिमी से ढाई गुना अधिक बारिश दर्ज की गई थी। पिछले दस वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि अगस्त में एक दिन में 4 से 8 इंच तक की बारिश आम हो गई है, जो जलवायु परिवर्तन के असर का संकेत देती है।बॉक्स गुढ़ बना सबसे भीगा इलाका जिले की तहसीलों में सबसे अधिक बारिश गुढ़ में दर्ज की गई, जहां 701 मिमी वर्षा हुई। इसके बाद रीवा नगर 639.3 मिमी के साथ दूसरे स्थान पर रहा। अन्य क्षेत्रों में बारिश सामान्य के आसपास रही, जिसमें सिरमौर (493.2 मिमी), मनगवां (503 मिमी), सेमरिया (500 मिमी), रायपुर कर्चुलियान (463.1 मिमी), त्योंथर(294 मिमी) और जवा (275 मिमी) शामिल हैं।बॉक्स अगस्त में सबसे ज्यादा बारिश 2019 मेंमौसम विभाग के अनुसार पिछले दस वर्षों में अगस्त माह में एक दिन की सर्वाधिक बारिश का जे रिकॉर्ड है, उसके अनुसार वर्ष 2015 में 16 अगस्त को बाई इंच, 19 अगस्त 2016 को 6 इंच, 24 अगस्त 2017 को ढाई इंच, 24 अगस्त 2018 को 3 इंच, 14 अगस्त 2019 को 8 इंच, 13 अगस्त 2020 को डेड इंच, । अगस्त 2021 को सढ़े 5 इंच, 20 अगस्त 2022 को 3 इंच, 3 अगस्त 2023 को 4 इंच और वर्ष 2024 में 4 अगस्त को सवा 5 इंच बारिश दर्ज हुई थी।



## होटल संचालकों को हर हाल में देनी होगी जानकारी, अब जिले में किसी भी विदेशी मेहमानों की सूचना 24 घंटे में देना अनिवार्य

### विदेशी नागरिकों की सुरक्षा और गतिविधियों पर पुलिस सख्त

रीवा



जिले में आने वाले विदेशी नागरिकों की सुरक्षा और निगरानी को लेकर अब पुलिस प्रशासन पहले से कहीं ज्यादा सतर्क हो गया है। रीवा पुलिस ने होटल, लॉज, गेस्ट हाउस, होम स्टे और निजी मकानों में अस्थायी रूप से ठहरने वाले विदेशियों की जानकारी समय पर साझा न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। पुलिस के ओर से जारी दिशा-निर्देशों के मुताबिक, अब किसी भी विदेशी नागरिक के जिले में आगमन के 24 घंटे के भीतर उनकी जानकारी संबंधित थाने और फॉरेनर रजिस्ट्रेशन कार्यालय को देना अनिवार्य कर दिया गया है। यह जानकारी सी-फॉर्म के जरिए ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। इसके साथ ही संबंधित विदेशी नागरिक के पासपोर्ट और वीजा की छायाप्रति भी संलग्न करनी होगी। रीवा जिले में पर्यटन, व्यापार, चिकित्सा, शिक्षा और सामाजिक उद्देश्यों से हर साल बड़ी संख्या में विदेशी नागरिकों का आगमन होता है। ये लोग प्रायः स्थानीय होटलों, लॉज, गेस्ट हाउस या फिर आम नागरिकों के मकानों में ठहरते हैं। पुलिस का कहना है कि इस प्रकार की व्यवस्था में यदि समय रहते जरूरी जानकारी पुलिस को नहीं दी जाती है, तो इससे सुरक्षा व्यवस्था पर असर पड़ सकता है। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने स्पष्ट किया गया है कि नियमों की अनदेखी करने पर होटल या मकान मालिक के खिलाफ विदेशी नागरिक अधिनियम 1946 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसमें न केवल जुर्माने और जेल की सजा का प्रावधान है, बल्कि संबंधित प्रतिष्ठान का लाइसेंस भी निलंबित किया जा सकता है।बॉक्स अब नहीं चलेगी लापरवाहीपुलिस प्रशासन ने साफ कर दिया है कि किसी भी विदेशी नागरिक के आगमन की सूचना छुपाना या सी-फॉर्म भरने में देरी करना अब अपराध की श्रेणी में आएगा। होटल, लॉज और अन्य ठहराव स्थलों को इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल पर सी-फॉर्म भरना अनिवार्य होगा। यदि कोई संचालक ऐसा नहीं करता है, तो उस पर सीधे आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा।बॉक्स ईमेल या हार्डकॉपी से भी भेजनी होगी जानकारीऑनलाइन सी-फॉर्म भरने के साथ-साथ होटल संचालकों को संबंधित विदेशी नागरिक के पासपोर्ट और वीजा की प्रतियों के साथ पूरी जानकारी फॉरेनर रजिस्ट्रेशन ऑफिस, शिल्पी प्लाजा बी-ब्लॉक में ईमेल या हार्डकॉपी के रूप में भेजनी होगी। यह प्रक्रिया पूरी करने से यह सुनिश्चित होगा कि संबंधित नागरिक वैध दस्तावेजों के साथ भारत में प्रवास कर रहा है या नहीं।



## एक पेड़ माँ के नाम अभियान में किया जा रहा वृक्षारोपण

रीवा

पर्यावरण संतुलन बनाये रखने तथा धरती माता को हरियाली की चूनर पहनाने के लिए एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया जा रहा है। कमिश्नर बीएस जामोद के निर्देशानुसार संभाग के सभी जिलों में विभिन्न विभागों के द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है। इस क्रम में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती शशि श्याम उइके ने विभागीय अधिकारियों के साथ बाल विकास परियोजना रीवा ग्रामीण के आंगनवाड़ी केन्द्र खैर में पौधे रोपित किए। अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. आर.पी. सिंह ने बताया कि सीधी में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ने प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर में पौधे रोपित किए। शासकीय पीएम श्री कॉलेज सतना तथा शासकीय महाविद्यालय चुरहट में भी पौधे रोपित किए गये। कृषि विभाग द्वारा किसानों के सहयोग से एक पेड़ माँ के नाम अभियान में पौधे रोपित किए जा रहे हैं। उप संचालक कृषि कार्यालय रीवा परिसर में 28 जुलाई को पौधे रोपित किए गये। सतना, सिंगरौली तथा सीधी में उप संचालक कृषि कार्यालय परिसर तथा किसानों के द्वारा फलदार पौधे रोपित किए गये। जिला आयुष कार्यालय सीधी में औषधीय पौधे गुड़मार एवं पुत्रजीवा का रोपण किया गया। जिला श्रम पदाधिकारी कार्यालय सतना ने 31 जुलाई को समारोह पूर्वक पौधे रोपित किये गये।

## नईगढ़ी पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को किया गिरफ्तार

मऊगंज



थाना प्रभारी उप निरीक्षक जगदीश सिंह ठाकुर, कुशल नेतृत्व मे हमराह स्टाफ द्वारा बलात्कार के आरोपी को अतिशीघ्र गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय में पेश किया गया, नईगढ़ी थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि... दिनांक 30/07/25 को फरियादी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराई कि जब वह शौच क्रिया के लिए जा रही थी उसी समय आरोपी संजय केवट जो पीडिता का हाथ पकड़कर उसे डरा धमकाकर पीड़िता के साथ जबरन बलात्कार किया और किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी,पीड़ता कि रिपोर्ट पर थाना नंईगढी में अपराध धारा पंजीबद्ध किया गया, एवं आरोपी की लगातार पता तलाश थाना प्रभारी नईगढी जगदीश सिहं ठाकुर ने हमराह स्टाफ पुलिस टीम द्वारा पीछा कर

**आरोपी**

संजय केवट /पिता महादेव केवट उम्र 22 वर्ष निवासी नौवा थाना नंईगढी को मऊगंज से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जो न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है

# उप मुख्यमंत्री आज रीवा से पुणे ट्रेन को दिखायेंगे हरी झंडी

रीवा।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 3 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री सुबह 10 बजे से रेलवे स्टेशन रीवा में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रीवा से पुणे ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उप मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे संजय गांधी हास्पिटल नवीन सीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण करेंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे से पचमठाधाम में आयोजित कावड़ यात्रा और भंडारे में शामिल होंगे। इसके बाद उप मुख्यमंत्री श्री कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में शाम 5.30 से आयोजित भारतीय संस्कृति उत्थान कार्यक्रम में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री रात 7.55 बजे रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## मऊगंज पुलिस को मिली नई उपलब्धि

### नशे से दूरी है जरूरी थीम गाना बना मध्य प्रदेश पुलिस की कॉलर ट्यून



**मऊगंज:** पुलिस को एक और गौरवशाली उपलब्धि प्राप्त हुई है। नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान को सशक्त बनाने हेतु तैयार किया गया थीम गीत "नशे से दूरी है जरूरी" अब मध्य प्रदेश पुलिस के 79,000 सीयूजी नंबरों की कॉलरट्यून के रूप में चयनित किया गया है।इस प्रेरणादायक गीत की धुन एवं एआई कम्पोजिंग मऊगंज के पुलिस अधीक्षक श्री दिलीप कुमार सोनी द्वारा की गई है, जबकि इसके प्रभावशाली एवं जागरूकतापूर्ण गीत-शब्द अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (रेल) श्रीमती मनीषा पाठक सोनी द्वारा लिखे गए हैं।यह थीम गाना न केवल पुलिस बल में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगा, बल्कि समाज में नशा मुक्ति के प्रति एक सशक्त संदेश भी प्रसारित करेगा। इस रचना को कॉलरट्यून के रूप में शामिल किया जाना मऊगंज जिले के लिए अत्यंत गौरव का विषय है, जो यह सिद्ध करता है कि मऊगंज पुलिस प्रशासन सृजनात्मकता एवं सामाजिक सरोकारों में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।यह पहल निश्चित रूप से पूरे प्रदेश में नशा मुक्ति आंदोलन को एक नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगी।